**उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 17–09–2007 को प्रमुख सचिव कक्ष में सम्पन्न हुई, प्रथम बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. **श्री शंकर अग्रवाल,** — अध्यक्ष
प्रमुख सचिव,
प्रा0शि0 विभाग,
उ0प्र0 शासन लखनऊ,
एवं
अध्यक्ष,
वित्त समिति,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।

2. **श्री लोकेश कुमार,** — विशेष आमंत्री
संयुक्त सचिव,
प्रा0शि0 अनुभाग–1,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

3. **प्रो0 आर0पी0 सिंह,** — सदस्य
निदेशक,
एच0बी0टी0आई0
कानपुर।

4. **श्री ईश्वरी लाल टमटा,** — सदस्य
संयुक्त सचिव, वित्त विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

5. **डा0 (श्रीमती) अनिता निष्काम** — सदस्य सचिव
निदेशक,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।

बैठक में निम्न लिखित सदस्य उपस्थित नही हो सके।

1. **प्रो0 आर0 सी0 कटियार** — सदस्य
निदेशक,
प्रबन्धन सस्थान,
छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय
कानपुर।

डा0 निष्काम

### 1:01 वित्तीय वर्ष 2007–08 के वास्तविक एवं अनुमानित आय–व्यय पर विचार

वित्तीय वर्ष 2007–2008 के अन्तर्गत 88.02 लाख के वास्तविक व्यय तथा शेष अवधि के लिये अनुमानित व्यय 133.86 लाख कुल व्यय 221.88 लाख का प्रस्ताव निम्नवत् है:

वित्तीय वर्ष 2007–08 में आयोजनेत्तर पक्ष में व्यय हेतु अनुमानित बजट

| कम सं0 | मद | 1 अप्रैल 2007 से अगस्त 07 तक (रु0 लाख में) | 1 सितम्बर 2007 से 31 मार्च 08 तक (रु0 लाख में) | कुल योग (रु0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वेतन एवं भत्ते | 78.65 | 74.58 | 153.23 |
| 2. | यात्रा व्यय | – | 3.00 | 3.00 |
| 3. | कार्यालय व्यय | 0.83 | 6.17 | 7.00 |
| 4. | टेलीफोन | 0.23 | 0.77 | 1.00 |
| 5. | वाहनों के अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि पर व्यय | 1.05 | 2.95 | 4.00 |
| 6. | विज्ञापन | 0.28 | 2.22 | 2.50 |
| 7. | किराया उपशुल्क कर स्वामित्व / जलकर | 1.12 | 2.50 | 3.62 |
| 8. | भवनों एवं मशीनों के रखरखाव | – | 15.50 | 15.50 |
| 9. | विद्युत व्यय | 5.06 | 6.94 | 12.00 |
| 10. | खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम | 0.09 | 1.91 | 2.00 |
| 11. | चिकित्सा व्यय | – | 6.73 | 6.73 |
| 12. | इंटरनेट व्यय | 0.13 | 2.87 | 3.00 |
| 13. | अंशकालिक डाक्टर पारिश्रमिक व्यय | – | 0.30 | 0.30 |
| 14. | विभागीय शैक्षिक व्यय | 0.09 | 2.91 | 3.00 |
| 15. | मजदूरी | 0.47 | 1.53 | 2.00 |
| 16. | पुस्तकालय व्यय | 0.02 | 2.98 | 3.00 |
| | **कुल योग** | **88.02** | **113.86** | **221.88** |

समिति ने उपर्युक्त प्रस्ताव पर विचार किया तथा विचारोपरान्त निम्नलिखित मदों पर आंशिक संशोधन करते हुये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

1:01:05 **वाहनों का अनुरक्षण/पेट्रोल आदि पर व्यय**

(क) वाहन संख्या यू0एम0ओ0 3013 की मरम्मत पर असहमति व्यक्त की गई तथा निर्देश दिये गये कि नियमानुसार वाहन को निष्प्रयोज्य घोषित किया जाय तथा उसकी जगह टाटा इण्डिका डीजल कार को वर्ष भर के लिए किराये पर ले लिया जाय।

(ख) स्वराज माजदा वाहन संख्या यू0जी0आर0 1976 की मरम्मत उ0प्र0 परिवहन विभाग से करायी जाये।

डॉ. [signature]

1:01:06 **विज्ञापन**

वित्तीय वर्ष 2007–08 मे विज्ञापन मद हेतु 3.00 लाख के व्यय प्रस्ताव के विरूद्ध 2.50 लाख के व्यय पर समिति ने अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा इस मद में अवशेष धनराशि 0.50 लाख को एजेण्डा बिन्दु सं0: 1:01:08 (भवनों एवं मशीनों का रख–रखाव) के 15.00 लाख के प्रस्ताव मे सम्मिलित करते हुये व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की।

1:01:08 **भवनों एवं मशीनों के रख–रखाव**

भवनों एवं मशीनों के रख–रखाव मद में प्रस्तावित संशोधित धनराशि रुपये 15.50 लाख के व्यय पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

1.02 **छात्रों से निर्धारित फीस के अतिरिक्त अन्य मदों में शुल्क लिये जाने पर विचार**

समिति ने प्रस्तावानुसार छात्र–छात्राओं से बढ़ी हुई शुल्क दरों को इसी वित्तीय वर्ष 2007–08 से लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

1.03 **छात्रावास की फीस बढ़ाये जाने पर विचार**

संस्थान में छात्रावास शुल्क के रूप में रू0 4500.00 प्रतिवर्ष प्रति छात्र की दर से छात्रावास शुल्क लिया जाता था जिसे तीन वर्गों में विभक्त करके सिंगल सीटर कमरों में रहने वालों से रू0 6800.00 प्रतिवर्ष प्रति छात्र, डबल सीटर कमरों में रहने वालों छात्रों से रू0 5800.00 प्रतिवर्ष प्रति छात्र तथा ट्रिपल सीटर कमरों में रहने वाले छात्रों से रू0 5300.00 प्रतिवर्ष प्रतिछात्र की दर से उपरोक्त शुल्क वित्तीय वर्ष 2007–08 से लिये जाने पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

1.04 **संस्थान की अवस्थापना एवं संरचना हेतु संस्था की आय के सापेक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार**

संस्थान की अवस्थापना एवं विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2007–08 में होने वाली संभावित बचतों के सापेक्ष निम्नलिखित व्यय पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

| क0सं0 | मद का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त बाउण्ड्री वॉल का पुनर्निर्माण | 31.56 लाख |
| 2. | सड़कों का निर्माण | 13.94 लाख |
| 3. | गैरेज का निर्माण | 4.56 लाख |
| | योग | 50.06 लाख |

डॉ. निरंजन

1.05 **बाउण्ड्री वाल की मरम्मत**

संस्थान की क्षतिग्रस्त अंदर की बाउण्ड्री वाल की मरम्मत हेतु संस्थान की वित्तीय वर्ष 2006–07 की बचतों के सापेक्ष 2.00 लाख के व्यय को प्रशासकीय परिषद् की प्रथम बैठक दिनांक 19/12/2006 के अनुमोदन उपरान्त उपरोक्त प्रस्ताव को समिति द्वारा अवलोकित किया गया।

1.06 **आयोजनागत**

1:06:01 वित्तीय वर्ष 2005–06 में आयोजनागत मद में शासन द्वारा 20.00 लाख का अनुदान अवमुक्त किया गया है। उक्त अनुदान संस्था के आधारभूत ढॉचे को सुदृढ़ करने के लिये दिया गया हैं जिसके सापेक्ष उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद्, कानपुर से 20.87 लाख का आगणन प्राप्त करके प्लेसमेंट सेल के निर्माण हेतु समिति ने अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि 20.00 लाख से अधिक व्यय की जाने वाली धनराशि का वहन संस्था अपनी आय से करेगी।

1:06:02 वित्तीय वर्ष 2007–08 के लिये आयोजनागत मद में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 20.00 लाख का अनुदान संस्था की सड़कों के बनाये जाने/मरम्मत हेतु प्रस्तावित है। शासन से धनराशि अवमुक्त होने की प्रत्याशा में उपरोक्त प्रस्ताव पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

1:07 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार**

संस्थान में चौकीदारों एवं अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों के विरुद्ध सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से कुल 15 सुरक्षा कर्मचारी रखे जाने पर इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि रिक्त पदों के विरुद्ध कोई भर्ती नहीं की जाएगी तथा पदों को समर्पण करने की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

(डा0 अनिता निष्काम)
निदेशक
सदस्य सचिव

(शंकर अग्रवाल)
प्रमुख सचिव
अध्यक्ष, वित्त समिति

Scanned with OKEN Scanner